गौचर व चिन्यालीसौड़ के लिये जल्द हवाई सेवा, पिथौरागढ़ से शुरू होंगी फिक्स्ड विंग एयरक्रॉफ्ट सेवाएँ

चर्चा में क्यों?

27 नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर गौचर व चिन्यालीसौड़ के लिये हवाई सेवा शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सहमति जताई।

प्रमुख बिंदु

- ‘उड़ान योजना’ के तहत जल्द ही गौचर और चिन्यालीसौड़ के लिये हवाई सेवा शुरू की जाएगी। इसमें 20 सीट फिक्स्ड विंग एयरक्रॉफ्ट का संचालन किया जाएगा। योजना के अगले टेंडर में दोनों स्थानों की हवाई सेवा को शामिल किया जाएगा।
- इसके अलावा पिथौरागढ़ से फिक्स्ड विंग एयरक्रॉफ्ट सेवाएँ शुरू करने के लिये स्पाइसजेट व बिग चार्टर्ड एयरलाइन को कार्य के आदेश जारी किये गए हैं।
- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से पिथौरागढ़ में पवनहंस को निर्बाध और समयबद्ध तरीके से सेवाएँ संचालित करने के लिये निर्देशित करने का अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप विकसित करने के लिये एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से सर्वे रिपोर्ट दिसंबर में ही देनी है।
- मुख्यमंत्री ने पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिये जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के मानकों के अनुरूप विस्तार देने के लिये भूमि का एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से शीघ्र भौतिक सर्वे करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सीएम को आश्वस्त किया कि उत्तराखंड में हवाई सेवा से संबंधित सभी प्रस्तावों को जल्द क्रियान्वित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/air-service-for-gauchar-and-chinyalisaur